<u>**प्रेस नोट**</u>

दिनांक 19.03.2023

<u>**पुलिस थाना पर्यटन ने जापानी पर्यटक का खोया हुआ पर्स लौटाया**</u>

<u>**घटना विवरण**</u> – दिनांक 18.03.2023 को एक जापानी पर्यटक नाम – YUKIHISA YAKO, निवासी - TOKYO, JAPAN के पर्यटक ने थाना हाजा पर सुचना दि कि उसका एक काले रंग का पर्स मिश्रीलाल लस्सी वाले कि होटल घण्टाघर भ्रमण के दौरान कहीं गिर गया है। जिस पर तलाश एवं कार्यवाही शुरु की गई ।

<u>**पुलिस कार्यवाही -**</u> घटना विदेशी पर्यटक के साथ होता देख श्रीमान् रविदत्त गौड़ पुलिस आयुक्त महोदय व अमृता दुहन पुलिस उपायुक्त महोदया, जोधपुर पूर्व के निर्देशानुसार सहायक पुलिस आयुक्त श्री देरावर सिंह के सुपरविजन में श्री बुद्धाराम नि.पु. थानाधिकारी पुलिस थाना पर्यटन के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया । उक्त टीम ने घटनास्थल पर कैमरे में पर्स को एक अंजान व्यक्ति द्वारा ले जाता नजर आया जिस पर CCTV कैमरे मिश्रीलाल लस्सी वाले कि होटल, घण्टाघर, अभय कमांड कन्ट्रोल, साईकल मार्केट, मच्छी मार्केट, हाथीराम का औड़ा, बम्बां मोहल्ला के करीब 50 से अधिक कैमरे खंगालने पर उक्त जापानी पर्यटक का पर्स बम्बा मोहल्ला रोड पर स्थित होटल के बाहर लगी भट्टी के निचे कैमरे में कैद शख्स द्वारा फैंकता हुआ नजर आया। जिसको थौडी देर बाद एक बच्चे कि नजर उस पर्स पर पडी जो उठाकर अपने साथ ले जाता हुआ नजर आया। जिस पर उक्त बच्चे कि CCTV फोटेज के आधार पर तलाश कि तो बम्बा मोहल्ला कोलोंनी में मिला जिससे जापानी पर्यटक के पर्स के बारे मे पुछा तो उसने घर में से पर्स लाकर पेश किया। जिसको खोल कर देखा तो विदेशी का पैन कार्ड, ATM कार्ड, जापानी पहचान पत्र, वीजा पासपोर्ट व अन्य जरुरी दस्तावेज मिले। जिस पर जापानी पर्यटक के उम्मेद भवन में ठहरे होने के कारण उम्मेद भवन पैलेस के सेक्युरिटी सुपरवाईजर श्री किशनवीर सिंह से सम्पर्क किया व जापानी पर्यटक के बारे में पुछा तो दिल्ली जाना बताया एवं खोया हुआ पर्स मिलने कि सुचना दी व सेक्युरिटी सुपरवाईजर श्री किशनवीर सिंह को पुलिस थाना पर्यटक बुलाकर उनके फोन से जापानी पर्यटक से बात कि जिस पर जापानी पर्यटक ने पुलिस थाना पर्यटन के कार्य की सराहना कर जोधपुर पुलिस का आभार व्यक्ति किया तथा श्री किशनवीर सिंह को पर्स सुपुर्द कर हिदायत दी की उक्त पर्स मय दस्तावेज जापानी पर्यटक के पास भिजवाये।

<u>**पुलिस थाना पर्यटन टीम के सदस्य -**</u>

1. श्री मिश्रीलाल स.उ.नि.
2. श्री अरुणगिरी कानि. 2187
3. श्री अर्जुनराम चालक कानि. 2593

भवदीय

एस/डी
(मिश्रीलाल स.उ.नि.)
प्रभारी
पुलिस थाना पर्यटक
आयुक्तालय जोधपुर